हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
20 फ़रवरी 2025, समय 1810

- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपना कार्यभार संभाला। हरियाणा के जुलना उपमण्डल में उनके पैतृक गांव नंदगढ़ में जश्न का माहौल।
- हरियाणा के नए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अपना पदभार ग्रहण किया।
- मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा है कि चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द की जायेगी।
- केंद्र सरकार ने आज एक विशेष गैर-संक्रामक रोग जांच अभियान की शुरुआत की।
- 38वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में गोवा पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गोवा दिवस मनाया गया।
- देश विदेश की संस्कृति,कला एवं हुनर का संगम सूरजकुंड मेला आकर्षण का केंद्र बना।

**********************************************************************

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी -

सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद श्रीमती रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री और सुषमा स्वराज के बाद हरियाणा की मूल निवासी दूसरी महिला मुख्यमंत्री हैं।श्री मति रेखा गुप्ता जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ की बेटी है। उनके पैतृक गांव में कल रात्रि से ही दिवाली जैसा माहौल बना हुआ है। गाँव में रह रहे श्रीमती गुप्ता के एक परिजन ने कहा -

गाँव की एक महिला ने गाँव की बेटी के मुख्यमंत्री बनने पर खुशी का इजहार किया।

श्रीमती गुप्ता ने कार्यभार संभालने के बाद कहा है कि राज्य सरकार विकसित दिल्ली के मिशन पर लगातार काम करेगी।

********************************************************************

हरियाणा के नए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।निवर्तमान मुख्य सचिव विवेक जोशी के चुनाव आयुक्त के पद पर आसीन होने के बाद कल देर शाम उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए गए थे।वे सामान्य प्रशासन, मानव संसाधन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, संसदीय मामले तथा सतर्कता विभाग के मुख्य सचिव के साथ-साथ योजना समन्वय के प्रभारी सचिव का काम भी देखेंगे। साथ ही, श्री रस्तोगी को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार भी सौंपा गया है।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा है कि चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।उन्होंने कहा है कि जल्द ही चौकीदारों के पहचान पत्र भी बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें काम करते समय कोई असुविधा न हो। हरियाणा में चौकीदारों के कुल 7,301 पदों में से 2,374 पद खाली हैं । आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में हरियाणा ग्रामीण चौकीदार संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होंने यह आश्वासन दिया। इस मौके पर चौकीदारों ने उन्हें अपना मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि मृत्यु का रिकॉर्ड दर्ज करने वाला पोर्टल ठीक से कार्य नहीं कर रहा और चौकीदारों को वेतन संबंधी समस्या भी आ रही हैडॉ साकेत कुमार ने कहा कि चौकीदारों का वेतन 7000 से बढ़ाकर 11 हजार रुपये किया गया है। प्रदेश सरकार ग्रामीण चौकीदारों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। चौकीदारों की परेशानियों का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने आज एक विशेष गैर-संक्रामक रोग जांच अभियान की शुरुआत की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस अभियान के तहत आम गैर-संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और तीन सामान्य कैंसर-मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए सभी व्यक्तियों की जांच की जाएगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अभियान का लक्ष्य गैर-संक्रामक रोगों की समय रहते पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करना है।

**********************************************************************

हरियाणा के सूरजकुंड में चल रहे 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में आज गोवा पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गोवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोवा के कलाकारों ने मुख्य चौपाल पर लैंप डांस की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में गोवा पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने अपने राज्य की समृद्ध कला और संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत और पर्यटन मंत्री रोहन खाउंटे के नेतृत्व में गोवा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

उन्होंने सभी को पहली मार्च से शुरू होने वाले गोवा कार्निवल के लिए आमंत्रित किया।श्री ग्रेविन डायस ने हरियाणा सरकार द्वारा मेले के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार हरियाणा अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है, उसी तरह गोवा भी कला, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है।

**********************************************************************

देश विदेश की संस्कृति,कला और हुनर का संगम हरियाणा का 38 वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला विविधता के कारण सब के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।आकाशवाणी समाचार ने मेले में आई एक महिला से मेले के उनके अनुभव की जानकारी ली ।

मेले में देश विदेश के स्टॉल लगे हैं। यहाँ लोग जम कर खरीदारी कर रहे हैं। हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डा. सुनील कुमार ने कहा कि इस वर्ष मेले में 44 देशों के 600 से अधिक कारीगर भाग ले रहे हैं और 1200 स्टॉल लगाए गए हैं।सिक्किम से आई एक महिला कारीगर ने अपने स्टॉल को लेकर बताया।

**********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने हरियाणा नगर निगम और नगर परिषद् चुनाव के लिए चुनाव प्रबंधन समन्वय और प्रचार समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह को थानेसर नगर परिषद् चुनाव प्रचार समिति और नगर निगम चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री कृष्ण पल गुर्जर को फरीदाबाद और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को करनाल और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा को हिसार की प्रचार समिति में शामिल किया गया है।

*****************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। माध्यमिक कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 28 फरवरी से 19 मार्च तक तथा वरिष्ठ माध्यमिक की परीक्षाएं 27 फरवरी से 29 मार्च,तक ली जाएंगी।बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षाओं के लिए 1431 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। परीक्षा का समय 12:30 से साढ़े बजे तक रहेगा।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने फसलों के लिए हरियाणा-यूके सतत फसल कटाई पश्चात प्रबंधन उत्कृष्टता केंद्र एवं कोल्ड चेन स्थापित करने के लिए बर्मिंघम विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पंचकूला में स्थापित होने वाले इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्देश्य खेत से उपभोक्ता तक बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता और ताजगी को बनाए रखते हुए कटाई के बाद होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम करना है।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि भारत का खाद्यान्न भंडार होने के कारण हरियाणा तेजी से ताजे फलों और सब्जियों के उत्पादन में विविधता ला रहा है। इस विस्तार के लिए कोल्ड चेन के प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता है ताकि बागवानी क्षेत्र में कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्र गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बर्बादी को कम करने और हरियाणा में कृषि समुदाय का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।